कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, एटा

पत्रांकः 457 /14–1 दिनांक, एटा, सितम्बर, 06 —, 2016.

सेवामें,

प्रबन्धक (रिटेल सेल्स)
इण्डियन आयल कार्पोरेशन लि0
एटा सेल्स एरिया, एटा।

विषयः एटा जनपद में एटा–अलीगंज मार्ग कि.मी. 23 से 24 के मध्य बांयी पटरी पर स्थित ग्राम सोसा तसहील व जिला एटा के गाटा संख्या 680स पर विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 0.0730 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 03 वृक्षों के पातन की अनुमति।

संदर्भः आपका का दिनांक रहित पत्र।

महोदय,

संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त विषयांकित प्रस्ताव का परीक्षण करने पर अभिलेखों में निम्नलिखित कमियां पायी गयी हैं, जिनके क्रम में निम्नानुसार कार्यवाही आपसे अपेक्षित है–

1. प्रस्तावित स्थल के डिजिटल मैप में प्रवेश एवं निकास मार्ग के बाहरी कर्व की जी.पी.एस. रीडिंग अंकित नहीं है।
2. प्रस्ताव में प्रवेश, निकास एवं वफर जोन में प्रभावित वन भूमि की गणना (लैण्ड शिड्यूल) संलग्न नहीं है। पी.डब्ल्यू.डी. से स्वीकृत ले आउट प्लान के अनुसार प्रभावित वन भूमि की गणना संलग्न करें।
3. प्रस्ताव में क्षतिपूरक स्थल की टोपो शीट मानचित्र संलग्न नहीं है अर्थात क्षतिपूरक स्थल को टोपो शीट में अंकित करते हुए टाइटिल एवं लीजेण्ड सहित संलग्न करें।
4. प्रस्ताव में संलग्न मानक शर्तों के प्रमाण पत्र में बिन्दु संख्या 16 के स्थान पर 15 बिन्दु ही अंकित है। पूर्ण बिन्दुओं पर प्रमाण पत्र संलग्न करें।
5. आन–लाइन आवेदन के पार्ट प्रथम के बिन्दु सं0 ए (10) में लीज अवधि 30 वर्ष अंकित है परन्तु हार्ड कापी में लीज प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
6. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का पत्रांक 11–268/2014 एफ.सी. दिनांक 11.07.2014 की अनुपालन आख्या संलग्न नहीं है।

अतः इस कार्यालय को प्राप्त प्रस्ताव मूल में आपको इस आशय से वापस किया जाता है कि उक्त बिन्दुओं का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव 5 प्रतियों में पुनः इस कार्यालय को यथा शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि प्रस्ताव के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक:- उपरोक्तानुसार

भवदीय

(सुरीत कुमार सक्सेना)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
एटा।

पत्रांक :– /14–1 समदिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

(सुरीत कुमार सक्सेना)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
एटा।